**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 17 मई 2026, समय 18:10(10 मिनट)**

---

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप के नाम पर अध्ययन केंद्र और चेयर स्थापित करने की घोषणा की ।
- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना उपमंडल के गांव हरनामपुरा में करीब 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल के गांव मांदकोल में करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।
- आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिसार केंद्र द्वारा संगीत कार्यक्रम व मैराथन का आयोजन किया गया।
- हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने हरियाणा विज्ञान रत्न और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित किए ।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप के नाम पर अध्ययन केंद्र व चेयर की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं आज अंबाला के शहजादपुर में 'संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के अंतर्गत आयोजित महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा शहजादपुर के बड़ागढ़ में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम बदलकर महारानी पद्मावती राजकीय महाविद्यालय किया जाएगा।

उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये, राजपूत छात्रावास के निर्माण कार्य के लिए 31 लाख रुपये देने तथा शहजादपुर के कच्चे नाले को पक्का करवाए जाने की भी घोषणा की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की नवीकृत प्रतिमा का अनावरण भी किया। समारोह में मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ऐसे महान यौद्धा थे जिनका नाम लेते ही रोम रोम में देशभक्ति की लहर दौड़ने लगती है। इनका नाम सुनते ही हृदय गर्व से और आंखें श्रद्धा से भर जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें यह संदेश देता है कि जब तक स्वाभिमान जीवित है तब तक हमारी आत्मा जीवित है। देश की सभ्यता व संस्कृति पर कोई आंच न आने देने के उनके सिद्धांत आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

---

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज नरवाना उपमंडल के गांव हरनामपुरा में करीब 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री ने कहा-

ईंधन की कीमतों को लेकर कांग्रेस की प्रतिक्रिया पर पलटवार करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बेवजह दुष्प्रचार करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "ईंधन बचाओ" संदेश का समर्थन करते हुए आमजन से सामूहिक यातायात के साधनों जैसे मेट्रो, बस और रेल का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत और सामूहिक संसाधनों का उपयोग देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखने में मददगार साबित होगा।

---

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल के गांव मांदकोल में करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें करीब 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित भगवान परशुराम भवन , 85 लाख रुपए की लागत से बनाए गए विभिन्न रास्तों, 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित विलेज नॉलेज सेंटर तथा करीब 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित बघेल धर्मशाला शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए कहा –

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि गांव मांदकौल में इन विकास कार्यों से गांव की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नया विस्तार प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि गांव वासियों की अन्य मांगें भी पूरी की जाएंगी। उन्होंने गांव के विकास के लिए सांसद निधि कोष से 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

---------------------------------------------------------------------------------

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिसार केंद्र द्वारा संगीत कार्यक्रम व मैराथन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आकाशवाणी के 90 वर्ष बहुत ही गौरवपूर्ण रहे हैं।एक समय में आकाशवाणी ही हमारे पास सूचना,जानकारियों व मनोरंजन का माध्यम था, बदलते परिवेश में आज भी आकाशवाणी उतनी ही प्रासंगिक है।

कैबिनेट मंत्री ने मैराथन को झंडी भी दिखाई। इससे पहले उन्होंने कहा कि आकाशवाणी द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ का हिस्सा बन कर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

----------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए घोषित इन पुरस्कारों के तहत हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार में चयनित वैज्ञानिक को 5 लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार उन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के लिए है, जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक है और जिन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसी प्रकार, हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार में 40 वर्ष से कम आयु के युवा वैज्ञानिकों को 1 लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। यह पुरस्कार युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और राज्य में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में चल रही जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों, नगर निगम आयुक्तों, जिला शिक्षा अधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक समीक्षा बैठक कर इस राष्ट्रीय कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने की तैयारियों का आकलन किया।